तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 24 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 शहर के अवैध कब्जों पर चला निगम का बुलडोजर

13 गर्मी से राहत देने टाइगर को मिनरल और विटामिन ...


छ.ग.-प्री.बी.एड.
प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# बेमेतरा जिले को एफएलएन वॉरियर्स के योगदान से राज्य में अव्वल स्थान मिला

## 12 शिक्षक-शिक्षिकाओं का राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्यस्तरीय एफएलएन सह नवाजतन टीम द्वारा बेमेतरा जिले के 12 शिक्षक-शिक्षिकाओं का चयन राज्यस्तरीय पुरस्कार के लिए किया गया है। इन वॉरियर्स ने अपनी मेहनत और नवाचार के जरिए बेमेतरा जिले को राज्य में अव्वल स्थान दिलवाया है।

आज बेमेतरा जिले के शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने इन सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया और उन्हें पेन, डायरी तथा गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया। डॉ. कपूर ने इस अवसर पर कहा, /"आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण की वजह से बेमेतरा जिला आज शिक्षा के क्षेत्र में गर्व महसूस कर रहा है। आप सभी ने बच्चों में बुनियादी साक्षरता और गणित ज्ञान बढ़ाने के लिए असाधारण प्रयास किए हैं।

समारोह के दौरान डॉ. कपूर ने इन वॉरियर्स को अपनी कार्यशैली में निरंतरता बनाए रखने की अपील की और कहा कि बच्चों के भविष्य को मजबूत बनाने में उनका योगदान अमूल्य है। /"जितना मजबूत बच्चों की नींव होगी, उतना ही वह आगे सफल होंगे। आपके प्रयासों से जिले में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और अन्य शिक्षकों के लिए आप प्रेरणा के स्रोत बनेंगे,/" उन्होंने कहा।



### सम्मानित हुए

यह सम्मान समारोह डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे.के. घृतलहरे की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें डाइट प्राचार्य, डीएमसी नरेंद्र वर्मा, सहायक जिला परियोजना अधिकारी सुनील झा, एपीसी भूपेंद्र कुमार साहू और अन्य शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। सम्मानित शिक्षक-शिक्षिकाओं में सागरिका यादव, चंद्रानी देवांगन, भारती निषाद, आशा चंदेल, ममता गायकवाड़, गिरिजा पटेल, प्रताप वर्मा, यामिनी बर्मन, आँचल वर्मा, पुरुषोत्तम कुमार सोनवानी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल थीं। इन सभी वॉरियर्स को 26 अप्रैल को रायपुर स्थित एनसीईआरटी में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

अभियान

जिले में आज मनाया जायेगा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

# जिले की 48 पंचायतों में आज अटल डिजिटल केन्द्रों का होगा शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

हर वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत में ग्राम स्वराज की भावना को सशक्त करने और लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जाता है। इसकी शुरुआत 24 अप्रैल 1993 को हुई, जब 73वें संविधान संशोधन अधिनियम को लागू किया गया। इस संशोधन ने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया और देश में त्रिस्तरीय पंचायती व्यवस्था – ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत (ब्लॉक स्तर) और जिला पंचायत – को सशक्त रूप से लागू किया।

बेमेतरा ज़िले में 425 ग्राम पंचायतें हैं, जो स्थानीय शासन की इकाइयों के रूप में कार्य करती हैं। इन पंचायतों का संचालन ग्रामीणों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों के माध्यम से होता है। पंचायतें न केवल विकास कार्यों का संचालन करती हैं बल्कि ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान भी करती हैं। आज 24 अप्रैल को पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में एक साथ 1474 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला बेमेतरा में 48 अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केन्द्र शुरू किया जा रहा है। मुख्य कार्यकम विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम टेमरी में सुबह 10:00 बजे से होगा।

हाल ही में, फरवरी 2025 में, बेमेतरा ज़िले में पंचायती चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए। यह चुनाव प्रक्रिया लोकतंत्र की असली परीक्षा होती है क्योंकि इसमें आम नागरिक सीधे रूप से भाग लेते हैं। ग्राम पंचायत स्तर से लेकर जिला पंचायत तक, सभी स्तरों पर प्रतिनिधियों का चुनाव हुआ। इनमें पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, और जिला पंचायत अध्यक्ष जैसे पद शामिल हैं। इस बार चुनाव में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही, जो सामाजिक समरसता और लैंगिक समानता की ओर एक सकारात्मक संकेत है।

पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण विकास की रीढ़ होती हैं। ये संस्थाएं न केवल सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करती हैं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण और कृषि जैसे क्षेत्रों में भी अहम भूमिका निभाती हैं। बेमेतरा ज़िले की पंचायतें भी इस दिशा में लगातार प्रयासरत हैं। जिले में कई पंचायतों ने डिजिटल सेवाओं को अपनाकर पारदर्शिता और कार्यकुशलता में वृद्धि की है।

अंत बेमेतरा ज़िले की पंचायतें राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मूल संदेश – "गांव की सरकार, गांव के द्वार" – को साकार कर रही हैं। आने वाले समय में भी ये संस्थाएं लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ ग्रामीण विकास को मजबूती प्रदान करती रहेंगी।



### पंचायतें होंगी सशक्त

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का उद्देश्य पंचायतों की भूमिका को पहचान देना, उन्हें और सशक्त करना तथा आम नागरिकों में लोकतंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह दिन हमें यह स्मरण कराता है कि लोकतंत्र केवल चुनावों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है जिसमें जनता की भागीदारी अनिवार्य है।

# राज्य स्तरीय प्रश्न बनाओ स्पर्धा में यशवंत और भूपेंद्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एड इंडिया फाउंडेशन एवं एससीईआरटी रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय ऑनलाइन प्रश्न बनाओ प्रतियोगिता में डाइट बेमेतरा ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी डाइट संस्थानों से छात्रों ने भाग लिया, लेकिन बेमेतरा के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

डाइट बेमेतरा के प्रथम वर्ष के छात्र यशवंत ध्रुवे ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान और द्वितीय वर्ष के छात्र भूपेंद्र कुमार साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया। अब दोनों छात्र राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

डाइट प्राचार्य जे.के. घृतलहरे ने दोनों छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, "यशवंत और भूपेंद्र ने डाइट बेमेतरा का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है।" साथ ही उन्होंने पीएसटीई प्रभारी अनिल कुमार सोनी, कार्यक्रम प्रभारी श्रद्धा तिवारी और एड इंडिया फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के समन्वयक रघुनाथन नायर को भी उनके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

अधिवक्ताओं के साथ प्रधान जिला न्यायाधीश बैठक में शामिल हुए

# 10 मई की लोक अदालत के लिए हुई बैठक में राजीनामे पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी 10 मई को प्रस्तावित नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर जिला न्यायालय बेमेतरा में तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। इसी सिलसिले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष बृजेन्द्र कुमार शास्त्री की अध्यक्षता में अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों और वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव निधि शर्मा तथा अधिवक्ता संघ बेमेतरा के अध्यक्ष प्रणीश चौबे सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

बैठक में न्यायाधीश शास्त्री ने कहा कि लोक अदालत एक ऐसा मंच है जहाँ ना किसी की हार होती है, ना किसी की जीत। उन्होंने अधिवक्ताओं से सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में अधिक से अधिक प्रकरणों का आपसी राजीनामा कर निराकरण कराने का आग्रह किया। बैठक में धारा 138 एनआई एक्ट, एमएसीटी एवं आर्बिट्रेशन से जुड़े मामलों पर विशेष चर्चा की गई। प्रधान जिला न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि वे नियमित रूप से प्रकरणों की समीक्षा करें और राजीनामा योग्य मामलों को चिन्हित कर लोक अदालत में प्रस्तुत करें। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय बेमेतरा के साथ-साथ तालुका न्यायालय साजा में भी किया जाएगा।

## बोरी में रखा था 20 पौवा शराब, आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री एवं तस्करी करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी से प्लास्टिक बोरी में रखे 20 पौवा देशी शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 22 अप्रैल को थाना डोंगरगांव पुलिस को प्राप्त मुखबीर से सूचना के आधार पर पुलिस टीम मुखबीर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। रेड कार्रवाई के दौरान आरोपी द्वारा अपराध धारा-34(1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत अपराध घटित करने से आरोपी आकाश ठाकुर 19 साल पता ग्राम सालिकझिटिया के पास एक हरे सफेद रंग के प्लास्कि बोरी में 20 नग देशी प्लेन शराब शोले कीमती 1600 रुपए व बिक्री रकम 800 रुपए कुल जुमला 2400 रुपए जब्त किया गया है एवं आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।

# बेमेतरा को मिला फोम टेंडर फायर वाहन, आपातकाल में मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले को बुधवार को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन प्राप्त हुआ, जब अत्याधुनिक फोम टेंडर फायर वाहन का लोकार्पण किया गया। इस नई सुविधा से जिले की अग्निशमन क्षमता में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिससे आगजनी की घटनाओं पर त्वरित और प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।

पुराने रेस्ट हाउस परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात विधायक दीपेश साहू ने फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर इस वाहन को सेवा में रवाना किया। इस दौरान उन्होंने इसे सुशासन की एक और कड़ी बताते हुए कहा, "जिले में लंबे समय से इस फायर वाहन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब इसके उपलब्ध होने से शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सकेगी, जिससे नागरिकों की सुरक्षा मजबूत होगी। उन्होंने इसे जिले के लिए एक /"मील का पत्थर/" बताते हुए कहा कि यह वाहन आपातकालीन सेवाओं को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित करेगा और जनसुरक्षा में बड़ी भूमिका निभाएगा।



### उद्घाटन समारोह में इनकी उपस्थिति रही महत्वपूर्ण

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पार्षदगण विकास तम्बोली, चांदनी रोशनदत्ता, गौरव साहू, आकिब मलकानी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता साहू, निशा चौबे, राजीव तम्बोली, धर्मेंद्र साहू, योगेश वर्मा सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, डिप्टी कमांडेंट होमगार्ड पुष्पराज सिंह, एसआई नगर सेना अखिलेश पराशर, तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ने पीड़ितों को दिलाया भरोसा

# बोरतरा अग्निकांड के दूसरे दिन मौके पर पहुंचे जनप्रतिनिधि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

बोरतरा के पैरावट मोहल्ले में मंगलवार दोपहर अचानक लगी भीषण आग ने दो घरों को पूरी तरह जलाकर राख कर दिया। हादसे के अगले दिन बुधवार को जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय मौके पर पहुंचीं। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। जामुन साहू और शिवप्रसाद साहू के मकान पूरी तरह खाक हो गए हैं। परिवारों की गृहस्थी का सारा सामान, अनाज और दैनिक उपयोग की वस्तुएं जल गईं। जामुन साहू की पत्नी धुएं से बेहोश हो गई थीं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब उनकी हालत स्थिर है।

**मधु रॉय ने कहा – यह सिर्फ दो घरों की नहीं, पूरे गांव की पीड़ा है:** घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ के बीच मधु रॉय ने कहा, मैं प्रशासन से इस मामले को प्राथमिकता में लेकर तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की मांग करूंगी। पीड़ित परिवारों के लिए अस्थायी आवास, राशन और पुनर्वास की व्यवस्था तत्काल होनी चाहिए।

उन्होंने मौके से ही अधिकारियों को फोन कर स्थिति की जानकारी दी और कहा कि राहत कार्य में कोई देरी न हो। उनका कहना था कि जब तक स्थायी समाधान नहीं निकलता, तब तक अस्थायी रूप से ही सही, प्रभावित परिवारों को राहत दी जाए।

**गांव के लोग खुद बने राहतकर्मी:** घटना के समय गांव वालों ने फायर ब्रिगेड को बुलाया जरूर, पर वाहन समय पर नहीं पहुंचा। ऐसे में ग्रामीणों ने ही कुएं, तालाब और सबमर्सिबल पंपों से पानी लाकर आग बुझाई और कई जाने बचाईं। ग्रामीणों की सूझबूझ और साहस ने बड़ी जनहानि होने से रोका।



### घटना स्थल पर जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी

बुधवार को जिला पंचायत सदस्य के साथ गाँव के सरपंच घासीराम साहू, पंचलेखा राम साहू, प्रकाश साहू, दुर्गा साहू, जितेंद्र साहू, अशोक साहू, पुनीत रजक, हरदेव साहू, कपिल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। साथ ही, पीड़ित रामचन्द्र साहू, मदन साहू, परस चौहान, पुरषोत्तम चौहान, मिलन चौहान, शोभित चौहान, लुक्कू चौहान भी उपस्थित थे। सभी ने प्रशासन से शीघ्र राहत और मुआवजे की मांग की।

### राख के ढेर पर बैठा जीवन

जामुन साहू के घर के बाहर, जल चुके पैरावट की राख पर बैठी उनकी पत्नी फूट-फूट कर रो रही थीं। बच्चों की आंखों में डर और भविष्य की चिंता साफ झलक रही थी। शिवप्रसाद साहू अपने खंडहर हो चुके मकान की टूटी दीवारों को देख चुपचाप बैठे थे। गांव की महिलाएं भोजन और पानी लेकर पहुंचीं, पर सवाल सबके मन में एक ही था – "अब कहां जाएंगे?"

## गांजा के साथ आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** यात्री प्रतिक्षालय के पास अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री हेतु ग्राहकों की तलाश करते आरोपी को पुलिस ने मौके पर पकड़ा। जिसके पास से 303 ग्राम गांजा कीमती लगभग 10,000 रुपए एवं बिक्री की रकम बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 22 अप्रैल को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति स्टेट स्कूल के सामने यात्री प्रतीक्षालय के पास एक मेहरूम सफेद रंग की थैला में अवैध रूप से गांजा रखा है और बिक्री करने ग्राहक तलाश रहा है। इस सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों से उचित दिशा-निर्देश प्राप्त कर कोतवाली स्टॉफ मौके पर पहुंचा एवं घेराबंदी कर रेड कार्रवाई कर आरोपी को पकड़ा।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात का शव मिला

**भिलाई।** महमारा एनिकेट के मुक्तिधाम शेड के पास अधेड़ व्यक्ति का शव मिला है। शव को कोतवाली दुर्ग पुलिस ने जिला अस्पताल के मरचूरी में भेज दिया। पुलिस वारिसनों की तलाश में जुटी हुई है. कोतवाली प्रभारी विजय यादव ने बताया कि सोमवार की सुबह 7 बजे एनीकेट के मुक्तिधाम के शेड के पास अज्ञात युवक का शव मिला। जिसकी उम्र 40 वर्ष है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### मकान में चोरी

**भिलाई।** मकान में ताला जड़कर शादी समारोह में शामिल होने गए परिवार के मकान में चोरी होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 35 (ए), 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि वार्ड 9 गिरधारी नगर दुर्ग निवासी महावीर गौड शिक्षा विभाग की कर्मी है। मकान में ताला जड़कर परिवार समेत ग्राम तरंपोगी जिला रायपुर शादी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वापस दूसरे दिन मकान में पहुंचने पर ताला टूटा पड़ा मिला। आलमारी का लॉक टूटा हुआ था। भतीजी लुभावनी ठाकुर उपचार के लिए शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी में भर्ती है। मां शकुन बाई और पीड़ित का नगदी रकम, सोने का पुरानी जेवरात कीमत 4 हजार रूपये आंकी गई है।

### गांजा तस्करी करते पांच गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा तस्करी करते पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि उड़ीसा से गांजा लेकर भिलाई नगर पहुंचने वाले तीन युवक और दो लोकल तस्करों को पड़ा गया है। आरोपियों में सेक्टर 9 अस्पताल सेक्टर सड़क 10, क्वाटर 4 निवासी सोनु ठाकुर, वार्ड 17 मिलपारा बस स्टैंड उतई सोम चंदेल, मकान नं. 104 मानीकेरा पोष्ट मानीकेरा रामपुर जिला कालाहाण्डी उडीसा दिलीप चंद भोई, प्रेमराज कुमुरा, कोदड़धर पात्रा है। आरोपियों के पास से 7 अलग अलग पैकेटो मे रखे 07.055 किलोग्राम गांजा, नगदी 2400 रुपये ,एक कार , 6 मोबाईल फोन , इलेक्ट्रानिक तौल मशीन जब्त किया गया है। सामानों की कीमत 1 लाख 35 हजार आंकी गई है। थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा अपनी टीम के साथ आरोपियों को पकड़ने निकले थे। मुखबिर की सूचना पर सोनु ठाकुर अपने साथियों के साथ एक सफेद रंग की कार सीजी 07 जेड डी 3848 में गांजा की खरीदी बिक्री करने सेक्टर 7 भिलाई के पास एकत्र हुए। पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर कार सवार सोनु ठाकुर , सोम चंदेल, दिलीप भोई , प्रेम राजकुमुरा, कोडरधर पात्रो को पकड़ लिया।

### नशे में धुत युवकों ने समोसा दुकान संचालक व भाई पर खौलता तेल उड़ेला

**भिलाई।** नशे में धुत दो युवक समोसा दुकान में पहुंचे। जहां पर समोसा खाकर उल्टे संचालक से दंबगई दिखाने लगे। जब संचालक परेशान होकर युवकों से पैसा नहीं देने की बात कर विदा कर दिया। लेकिन युवकों की दंबगई इतनी थी कि समोसा बनाने के लिए रखे खौलते तेल को संचालक और उसके भाई पर उडेंल कर मौके से फरार हो गए।

**खबर संक्षेप**



### अवैध मदिरा के साथ 1 आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग।** गश्त के दौरान आबकारी विभाग के वृत भिलाई क्रमांक 2 के अन्तर्गत पोलसाय पारा वार्ड नंबर 27 में अवैध शराब के परिवहन की सूचना पर त्वरित कार्यवाही कर एक सफेद रंग के सेंट्रो कार क्रमांक सीजी 04 एचए 1585 में 150 नग पाव गोवा फार सेल इन मध्यप्रदेश मदिरा जप्त किया गया। उक्त प्रकरण में आरोपी सुधाकर बनवासी आत्मज विश्वनाथ उम्र 48 वर्ष, निवासी संतरा बाड़ी वार्ड 26 थाना मोहन नगर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34, 2 एवं 36 के तहत प्रकरण दर्ज कर सुप्रिया शर्मा सहायक जिला आबकारी अधिकारी द्वारा आरोपी को जेल दाखिल कर प्रकरण विवेचना में लिया गया है। कार्यवाही के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी पंकज कुजूर, आबकारी उप निरीक्षक प्रियंक ठाकुर, आरक्षक संदीप तिर्की, आरक्षक चितेश्वरी ध्रुव, गार्ड अमित कुमार पटेल, खोमेंद्र देशमुख, ड्राइवर दुर्गा साहू का योगदान रहा।

### अंडर 11 शतरंज स्पर्धा के विजेता बने प्रांजल



**दुर्ग।** जगदलपुर स्पोर्ट्स क्रॉनिकल जिला शतरंज संघ बस्तर के सहयोग से चेस कॉम द्वारा जगदलपुर में 19 एवं 20 अप्रैल को आयोजित अंडर 11 अंडर 15 एवं ओपन वर्ग की शतरंज स्पर्धा में अंडर 11 आयु वर्ग में भिलाई के प्रांजल सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रांजल सिंह को तीन हजार रुपए नगद, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रांजल सिंह केपीएस स्कूल नेहरू नगर के छात्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उनके पिता पंकज सिंह, जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी, उपाध्यक्ष दिनेश जैन, ललित वर्मा, एसके भगत, दिनेश नालोडे, मोरध्वज चंद्राकर, अजय राय, सहसचिव संजय खंडेलवाल, हरीश सोनी आदि ने बधाई दी है।प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 25 अप्रैल को

### हाईकोर्ट से मिली उद्योगपति संगीता केतन शाह को राहत

**दुर्ग।** हाईकोर्ट बिलासपुर में सिम्पलेक्स कास्टिंग लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर संगीता केतन शाह की अग्रिम जमानत याचिका स्वीकृत कर ली है। कोर्ट के आदेश के बाद उद्योगपति संगीता को बड़ी राहत मिली है। पुलगांव पुलिस ने 7 अप्रैल को धारा 420 के तहत संगीता के खिलाफ जुर्म पंजीबद्ध किया था। हाईकोर्ट के अधिवक्ता बीपी सिंह ने बताया कि संगीता केतन शाह की अग्रिम जमानत याचिका तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश जिला दुर्ग ने 9 अप्रैल 2025 को खारिज कर दी थी तब उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका लगाई गई। 21 अप्रैल को उच्च न्यायालय ने संगीता केतन शाह की जमानत याचिका स्वीकार कर लिया है। अधिवक्ता बीपी सिंह ने बताया कि इस प्रकरण के प्रार्थी विशाल केजरीवाल 3 साल तक पावर ऑफ़ अटॉर्नी लेकर भी जमीन की रजिस्ट्री नहीं करा सका, उल्टे एक करोड़ के बदले 55,10,000 रकम वह अपने अन्य संस्थान के नाम पर प्राप्त कर चुका है। ज़मीन में जाने पर्याप्त रोड रास्ता भी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के आदेश से दिया गया है और इस बात को छिपा कर उसने एफआईआर कराया था। इसके साथ ही संगीता केतन शाह ने उच्च न्यायालय में धारा 482 सीआरपीसी के तहत याचिका पेश किया है ताकि एफआईआर रद्द किया जाए । इस मामले में भी विशाल केजरीवाल को उच्च न्यायालय द्वारा नोटिस जारी की गई है। प्रकरण का महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है की विशाल केजरीवाल के पिता ने भी अधिवक्ता के माध्यम से जमानत आवेदन को खारिज करने सुपेला थाने में आवेदन दिया था।

# घर तक जल पहुंचाने और हैंडओव्हर करने के बाद ही होगा भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जल जीवन मिशन के तहत ठेकेदारों को तब ही राशि का भुगतान किया जाएगा। जब उनके द्वारा हितग्राही के घर तक जल पहुंचा जाएगा। यही नहीं उन्हें काम पूरा होने का सर्टिफिकेट दिए जाने से पहले देखा जाएगा कि, ठेकेदारों ने ग्राम पंचायत को मिशन का कार्य हैंडओव्हर किया हैं या नहीं। राज्य शासन के इस कडे शर्त से पिछले लंबे समय से राशि भुगतान का इंतजार कर रहे ठेकेदारों में खलबली मच गई है।

पाइप लाइन बिछाने के बाद बिल लगाने वाले ठेकेदारों को साफतौर पर कह दिया गया है कि, पाइप लाइन बिछाने के बाद टंकी भरने तक का कार्य पूरा करना होगा। बहरहाल जिले में सिंगल विलेज के तहत किए गए कार्यो का ठेकेदारों को भुगतान हो चुका हैं। जबकि समूह जल योजना के तहत गांव में पाइप लाइन बिछाने वाले ठेकेदार राज्य शासन के कडे निर्देश के जाल में फंस गए है।

ठेकेदारों का कहना है कि, समूह जल योजना के तहत नदी से पानी लाने का प्रावधान किया गया है। ऐसे में विभाग के अधिकारी ठेकेदारों को बोरवेल्स कर पानी की उपलब्धता करने दबाव बना रहे हैं। ठेकेदारों का कहना हैं कि, शर्त में सिर्फ पाइप लाइन बिछाने का अनुबंध था। जबकि पानी लाने के लिए अलग से प्रोजेक्ट तैयार किए गए है।

**जल की उपलब्धता के बाद ग्राम पंचायत को करना होगा हैंडओव्हर**

**काम पूरा होने पर 70 फीसदी भुगतान**

राज्य शासन द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि, ठेकेदारों द्वारा घर तक जल लाने के बाद सत्यापन किया जाएगा। जिसके बाद 70 फीसदी राशि का भुगतान किया जाएगा। इसके लिए ठेकेदारों को बोरवेल्स व अन्य किसी भी विकल्प के तहत पानी उपलब्ध कराने की बात कही जा रही हैं। बडी परेशानी यह है कि, बाकी के तीस फीसदी राशि समूह योजना का प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद जारी किए जाने की शर्त रखी गई है। सूत्रों ने बताया कि, राज्य शासन ने राशि भी जारी कर दी है। लेकिन शर्त के चलते ठेकेदारों को भुगतान अभी भी अटका हुआ है।



**विभाग का दावा, दो दर्जन ने कराया बोर**

पीएचई विभाग के ईई उत्कर्ष पांडे का कहना है कि, राज्य शासन के निर्देश के बाद करीब बीस से अधिक गांव में ठेकेदारों ने बोरवेल्स भी कराया है, जहां पानी की सुविधा कराई गई हैं। बताया गया कि, समूह योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने ठेकेदारों को जिले में करीब तीस करोड का भुगतान बकाया है। उल्लेखनीय है कि, सात गांव जहां ड्राई क्षेत्र है, वहां नदी से पानी लाने समूह जल योजना लागू की गई है। निकुम, जेवरा सिरसाखुर्द भटगांव, अंजोरा ढाबा, मोतीमपुर, ओदरागहन सुरपा और कौही रानीतरई के इलाके ड्राई है। यहां गर्मी में तेजी से जलस्तर गिरता है। इन सभी गांव में नदी से इंटकवेल बनाकर गांव तक पानी पहुंचाने की योजना है।

**नई व्यवस्था : 2019 के पहले के सभी वाहनों के बदले जा रहे नंबर प्लेट**

# हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने वेटिंग में 16 हजार वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वर्ष 2019 के पहले खरीदे गए सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लगाए जाने की अनिवार्यता ने वाहन चालको की नींद उडा दी है। सबसे बडी समस्या पुराने आरसी बुक में दर्ज मोबाइल नंबर बदले जाने के कारण समस्या आ रही है। ऐसे में वाहन चालको को वर्तमान में जारी मोबाइल नंबर लिंक कराने के लिए दौड लगाने पड रही है। बहरहाल आनलाइन प्रक्रिया के तहत वाहन में नंबर लगाने के आवेदन करने के बाद एक माह की वेटिंग में रखा जा रहा है।

जानकारी अनुसार अब तक 16 हजार से अधिक वाहन चालक वेटिंग में है। आरटीओ अधिकारियों ने बताया कि, अब तक जिले में 35162 टू और फोर व्हीलर वाहनों में नंबर लगाने आर्डर हो चुके है। इसमें करीब 11 हजार वाहन चालको ने नंबर भी लगा लिया है। वही सोलह हजार वेटिंग में हैं, उन्हें आनलाइन आवेदन करने के बाद एक माह के आगे की तारीख दी जा रही है। अफसरों ने बताया कि, एक माह बाद पंजीयन होगा और तत्काल रसीद जारी की जाएगी। आवेदन के समय निर्धारित फीस जमा किए जा रहे हैं। बहरहाल सबसे बडी समस्या मोबाइल नंबर को लेकर सामने आ रही है। वाहन चालक इस असमंजस में हैं कि, हाई सिक्योरिटी नंबर कहां लगाने हैं और आरसी बुक में मोबाइल नंबर कैसे लिंक करे। इसके लिए वाहन चालक जहां सिक्योरिटी नंबर के लिए च्वाइस सेंटर में चक्कर लगा रहे है, वही नंबर लिंक कराने में अलग से चक्कर लगानी पड रही हैं।

**आरसी बुक में नया नंबर अपडेट कराने चक्कर काट रहे वाहन चालक**

**आरसी बुक में लिंक होगा नंबर**

हाई सिक्योरिटी नंबर में कडे प्रावधान यह है कि, वाहन के कागज यानि आरसी बुक में वाहन चालक के मोबाइल नंबर लिंक किए जाएंगे। ऐसे में कभी सडक दुर्घटना होने की स्थिति में यातायात पुलिस सीधे वाहन मालिक से संपर्क कर सकेगें। बहरहाल नंबर प्लेट बदलने के लिए एक समयसीमा निर्धारित की जाएगी। इसके बाद पुराने नंबर प्लेट वाले वाहनों पर आरटीओ व यातायात विभाग द्वारा चालानी कार्रवाई की जाएगी। आरसी बुक में मोबाइल नंबर जोड़ने विभाग लिंक भी जारी कर रहा है।




**इस नंबर प्लेट के फ़ायदे**

इससे वाहन चोरी होने पर आसानी से ट्रैस किया जा सकेगा। आरसी बुक में मोबाइल नंबर लिंक होने से लोकेशन से चोरी पकडी जाएगी। इससे वाहन ट्रैकिंग और निगरानी बेहतर होती है। इससे वाहन पंजीकरण और कानून-पालन में सुधार होता है।

**प्रदेशभर के आरटीओ को दिए निर्देश**

परिवहन विभाग (आरटीओ) से मिली जानकारी के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली के द्वारा सभी प्रकार के वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए विगत दिनों राज्य स्तर पर विभागीय अधिकारियों की राजधानी रायपुर में बैठक आहुत की गई थी। बैठक में 2019 के पहले के वाहनों में लगे नंबर प्लेट को बदलने व हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई है।

**कार्यालय में होगी प्लेट बदलने की सुविधा**

परिवहन अधिकारी एसएल लकडा ने बताया कि, वाहनों के चोरी व अन्य सुरक्षा के मद्देनजर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सभी प्रकार के वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। इस कार्य में तेजी लाने के लिए दुर्ग जिले में 63 कंपनी जिसमें शोरूम भी शामिल है। उन्हें अधिकृत किए गए गए है। हांलाकि आवेदन आनलाइन होगें, पर्ची मिलने के बाद नंबर प्लेट शोरूम में लगाने होगें। परिवहन अधिकारी एसएल लकडा ने बताया कि, विभाग में एक कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। जिला परिवहन कार्यालयों में भी उपलब्ध होगी।

**हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट की खासियतें**

हाई सिक्यारिटी नंबर यह प्लेट एल्युमीनियम से बनी होती है। इसमें वाहन की पूरी जानकारी देने वाला क्रोमियम आधारित होलोग्राम होता है। यूनिक लेजर कोड होता है, जिसे हटाना मुश्किल होता है। इसमें स्नैप लॉक होता है, जिससे इसे बिना अनुमति के नहीं बदला जा सकता। इसमें रेट्रो-रिफ्लेक्टिव फ़िल्म होती है, जिससे कम रोशनी में भी वाहन आसानी से दिखता है।

**शिविर भी लगेंगे**

"हाई सिक्योरीटी नंबर लगाने लोगों को रूझान बढ रहा है। आरटीओ कार्यालय में सेंटर खोले जाएंगे, वहीं जिला मुख्यालय में भी शिविर का आयोजन किया जाएगा। **-एसएल लकड़ा,** आरटीओ अधिकारी दुर्ग

# लापरवाह पटवारियों की रुकी वेतनवृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर एसडीएम धमधा सोनल डेविड ने न्यायालयीन प्रकरणों में समयावधि में रिर्पोट प्रस्तुत नहीं करने तथा दायित्वों के प्रति गंभीर लापरवाही बरतने पर पुरूषोत्तम दास पटवारी ग्राम दारगांव बिरोदा तहसील धमधा एवं दीप निरंजन सिंह पटवारी ग्राम तुमाकला तहसील धमधा की आगामी 1 वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने के लघु शास्ति दंड से दंडित किया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने 2 अप्रैल को न्यायालय तहसीलदार धमधा के राजस्व प्रकरण का निरीक्षण किया। निरीक्षण में यह पाया गया कि पटवारी पुरुषोत्तम दास द्वारा न्यायालय में त्रुटि पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। इसके सुधार हेतु उन्हें नोटिस भी दिया गया था, लेकिन उनके द्वारा समय पर सही रिपोर्ट नहीं दी गई। इसी प्रकार पटवारी दीप निरंजन सिंह द्वारा न्यायालय तहसीलदार के न्यायालयीन बंटवारा प्रकरण में नोटिस जारी करने के बाद भी रिपोर्ट नक्शा न्यायालय में उपलब्ध नहीं कराया गया। रिपोर्ट अप्राप्त होने की दशा में प्रकरण के निराकरण में आवश्यक विलंब हो रहा है। पटवारी पुरुषोत्तम दास द्वारा न्यायालय तहसीलदार के न्यायालयीन प्रकरण में त्रुटिपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा दीप निरंजन सिंह द्वारा न्यायालयीन समय को गंभीरता से नही लिये जाने से राजस्व प्रकरणों में अनावश्यक विलम्ब होने से उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुये उन्हे कारण बताओं सूचना जारी कर जवाब प्राप्त किया गया।

## बकायेदारों के खसरा अंतरण पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री के बाद अंतर की राशि (आरआरसी) को नहीं पटाने वाले बकायेदारों पर राज्य शासन द्वारा शिकंजा कस दिया गया है। रजिस्ट्री के बाद बकाया राशि नहीं पटाने वाले बकायेदार के खसरा के अंतरण पर सिस्टम एनजीडीआरएस सिस्टम में रोक लगा दी गई है। जिसके बाद से बकायेदारों में हडकंप की स्थिति निर्मित है। जिला पंजीयक व उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री के बाद कई पक्षकार का बाद में आडिट होने के बाद बकाया राशि जिसे आरसीसी कहते हैं, इसकी वसूली की जाती है, लेकिन तीन बार से अधिक नोटिस देने के बाद ऐसे बकायेदार बाज नहीं आ रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि जिले में 08 प्रकरण हैं। जिनसे 45 लाख रुपए की वसूली की जानी है। वर्ष 2024-25 के वित्तीय वर्ष में भी बकाया राशि वसूल नहीं होने के चलते राज्य शासन द्वारा विगत सत्रह मार्च को आदेश जारी किया गया है।

# सचिवों के हड़ताल से लौटते ही सरपंचों को सौंपा गया कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले माहभर से चले सचिवों का हडताल समाप्त होने के बाद वे काम पर लौट गए है। काम पर लौटते ही सचिवों ने नए सरपंचों को भी कार्यभार दे दिया है। सचिव और सरपंचों के पद संभालने के बाद अब पंचायत से संबंधित कार्यो में तेजी आएगी।

- **पंचायतों के कार्य में आएगी अब गति**

उल्लेखनीय हैं कि, प्रदेशभर में सचिव संघ हडताल पर थे। सोमवार से जिले के सभी ग्राम पंचायतों में सचिव काम पर लौट गए है। सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि, धमधा के तीन से चार गांव को छोडकर सभी ग्राम पंचायत में सचिव खुद लौट गए है और उन्होने नए सरपंचों को पदभार भी दिला दिया है। प्रदेश सरकार से घोषणा पत्र में किए गए वादे को पूरा करने के लिए पंचायत सचिवों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल किया गया था। विगत दिनों पंचायत सचिवों के प्रतिनिधि मंडल ने उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा से अपनी मांग को लेकर सकारात्मक चर्चा की। जिसमें पंचायत सचिवों की मांगों पर सहमति बनी और प्रदेशभर में पंचायत सचिवों ने अपने अनिश्चितकालीन हड़ताल को समाप्त कर दिया है।




**ग्राम पंचायतों में होंगे पेंडिंग काम पूरे**

हडताल समाप्त होने के बाद वर्ष 2025-26 के कार्य योजना तैयार किए जाएंगे। सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि, सुशासन तिहार-2025 एवं अन्य योजना से संबंधित कार्यों का संचालन ग्रामीण स्तर पर हो रहा है, जिसे लेकर सभी सचिवों की आवश्यक बैठक कर कार्यो में तेजी लाने की दिशा में कार्य योजगा बनाई जाएगी। वहीं जीपीडीपी का निर्माण, आवास सर्वे का कार्य, ग्राम पंचायत की बैठक, ग्रामसभा की बैठक, 31 मार्च की स्थिति में रोकड़ बही को बंद का सॉप्टवेयर में एंट्री, ग्राम पंचायत पर चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा एवं अन्य कार्यों को समय पर पूरा करने का दायित्व सौंपा जाएगा।

## अंजोरा ढाबा के ग्रामीणों से कहा टैंकर भेजने का प्रावधान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर जनदर्शन में तीन दिन के अंदर पानी की समस्या नही सुलझने पर आंदोलन की चेतावनी दिए जाने के दूसरे दिन मंगलवार को अफसरों की टीम गांव पहुंची थी। जहां ग्रामीणों ने अफसरों से टैंकर के जरिए पानी पहुंचाने की मांग रखी। जिस पर अफसरों ने कहा कि, विभाग के पास टैंकर के जरिए पानी देने का प्रावधान नही है। पीएचई के टीपीआई तन्मय किशोर के साथ ग्राम के स्थल निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि, ग्राम के सरपंच एवं उनके प्रतिनिधि द्वारा ग्राम में होने वाली पानी की समस्या जैसे पुराने पानी टंकी में पानी नहीं भरा जाना, हैण्डपंप का बंद हो जाना, नये बोर खनन करवाना एवं टैंकर द्वारा पानी की आपूर्ति कराये जाना अवगत कराया गया। वर्तमान में कुल हैण्डपंप 14 है। जिसमें चालू 5 और बंद 9 है। जबकि पावर पंप 7 चालू 4 बंद 3 सोलर पंप 1 चालू अवस्था में पाया गया। चूंकि ग्राम अंजोरा (ढा) में ग्रीष्म काल में जलस्तर कम हो जाता है। हैण्डपंप में राईजिंग पाईप बढ़ाने पर भी पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति नहीं हो पाती, वर्तमान में नये नलकूप खनन किया गया है एवं उसमें हैण्डपंप लगाने के लिए निर्देशित किया गया है। सरपंच द्वारा पानी के टैंकरों की मांग की गई। विभाग द्वारा टैंकर उपलब्ध कराने के कोई प्रावधान नहीं होने की बात कही गई। उन्हें संबंधित विभाग से टैंकर की समस्या हेतु संपर्क करने के लिए सुझाव दिया गया।

# बोर के पानी में टीडीएस की मात्रा 100 गुना ज्यादा, एच 2 एस बैक्टीरिया भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छह वार्डों में केमिकलयुक्त पानी की शिकायत की जांच भिलाई निगम ने करवाई। जांच रिपोर्ट में चौकाने वाले खुलासे के बाद निगम के अफसरों व जिम्मेदार लोगों ने चुप्पी साधे रखी। रिपोर्ट के मुताबिक बोर के पानी में टीडीएस की मात्रा 100 गुना ज्यादा पाई गई है। ईकालीफार्म व एच 2 एस जैसी बैक्टीरिया पानी में मिला है। 22 चिहिंत स्थानों से निगम की टीम ने पानी के सैंपल जुटाए और इसकी जांच अपने लैब में करवाई। 7 जुलाई 2024 की रिपोर्ट हरिभूमि को प्राप्त हुई है। इस रिपोर्ट के हिसाब से 11 स्थानों का बोर का पानी पीने लायक नहीं हैं। डॉक्टरों के हिसाब से ऐसे पानी पीना लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। निगम का दावा है कि इस रिपोर्ट के बाद ये सभी बोर का उपयोग बंद करवा दिया गया है। निगम की टीम ने वार्ड क्रमांक 42 गौतम नगर में टी तिरूपति राव पाईप लाइन के पानी की जांच की गई। जांच में यहां के पानी में एच 2 एस बैक्टीरिया पाया गया। इसी वार्ड के टी दिलेश्वर राव पाईप लाइन के पानी की जांच में एच 2 एस व ईकाली फार्म बैक्टीरिया मिला। गौतमनगर शीतला मंदिर पंप हाउस के पानी में ईकालीफार्म व एच 2 एस बैक्टीरिया पाया गया है। गौतमनगर जय लक्ष्मी पाईप लाइन के पानी में भी ईकालीफार्म एव एच 2एस बैक्टीरिया पाया गया है। रिपोर्ट में ये सभी जगह का पानी पीने योग्य नहीं माना गया है।

- **केमिकलयुक्त पानी वाले छह वार्डों की जांच रिपोर्ट में खुलासा**



वार्ड क्रमांक 46 दुर्गा मंदिर पंप हाउस- इस स्थान पर टीडीएस की मात्रा 4769 आया है। इसी वार्ड के मोहम्मद मुमताज घर के बोर के पानी में टीडीएस की मात्रा 3900 पाई गई। शिशुपाल हरिजन पारा जैतखाम नया बोर के पानी में टीडीएस की मात्रा 1002 मिला। बी चिन्ना बाबू बोर का पानी में टीडीएस की मात्रा 2661 रही। यहां के पार्षद के जगदीश के बोर के पानी की भी जांच की गई। जांच में पार्षद के घर का बोर में 2862 टीडीस मिला। बी कुमार स्वामी का बोर के पानी में टीडीएस की मात्रा 3208 रही। गणेश मंदिर के पास के बोर के पानी में टीडीएस की मात्रा 790 की पाई गई।

**अतिक्रमणकारियों ने विरोध भी कराया दर्ज, 10 से अधिक स्थानों पर कार्रवाई**

# शहर के अवैध कब्जों पर चला निगम का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

टप्पा तालाब चौक से स्थित सड़क किनारे शासकीय जमीन पर कब्जा कर रखे गए ठेले, खोमचे को हटाने की कार्रवाई नगर निगम ने की।

- **शासकीय जमीन पर लगाए गए ठेले-खोमचे हटाए गए**



आयुक्त सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में निगम की अतिक्रमण शाखा और बाजार विभाग की टीम ने लाइन से लगे 10 से अधिक अस्थायी और स्थायी गुमटी, ठेला हटाया गया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों ने विरोध किया, लेकिन निगम प्रशासन के सख्ती के आगे उन्हें पीछे हटना पड़ा। दरअसल टप्पा तालाब चौक के पास की शासकीय भूमि पर पहले कुछ लोगों ने अस्थायी रूप से ठेले, टीन शेड और लकड़ी की मदद से दुकानें बनाई थीं। देखते ही देखते ये कच्चे दुकान पक्के में तब्दील हो गया। कई लोगों ने तो टीन, ईंट और सीमेंट से स्थायी चबूतरा निर्माण कर लिया था। सड़क किनारे सरकारी ज़मीन पर अवैध कब्ज़ा हुआ जिससे यातायात और सफाई व्यवस्था पर असर पड़ रहा था। मंगलवार को सुबह निगम की टीम जेसीबी और अमले के साथ मौके पर पहुंची और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान कुछ दुकानदारों ने विरोध करते हुए कार्रवाई को रोकने की कोशिश की लेकिन निगम की सख्ती से काम जारी रहा। कार्रवाही के दौरान बाजार विभाग शशिकांत यादव, ईश्वर वर्मा, अतिक्रमण प्रभारी अधिकारी परमेश्वर के अलावा बाजार विभाग, अतिक्रमण विभाग अमला मौजूद रहें।

**दोबारा अतिक्रमण पर होगी जब्ती की कार्रवाई**

टप्पा तालाब में अतिक्रमण के कारण अवैध और गैर कानूनी कार्य को भी बढ़ावा मिल रहा था। टप्पा तालाब के आस पास दोबारा अतिक्रमण होने पर जब्ती की कार्रवाही होगी। महापौर श्रीमती अलका बघामार ने शहर में यातायात व्यवस्थित को लेकर दुकान के बाहर सड़क घेरकर व्यवसाय करने वाले तथा सड़क किनारे चौक चौराहों पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालो के अलावा शहर, कालोनी, क्षेत्र, गली-मोहल्ले में लोगो द्वारा घर के पास नाली के ऊपर तार फ्रेन्सिंग लगाकर गार्डन बनाकर रखा गया उनसे भी अपील की गई है कि नुकसान से बचने के लिए वे अपना अवैध अतिक्रमण स्वयं हटा लें।

## निकुम सोसायटी में एंट्री में गड़बड़ी स्टॉक पंजी में नहीं मिला रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

निकुम सोसायटी में खाद्य विभाग द्वारा किए गए जांच में लाखों रूपए के धान गायब होने की रिपोर्ट तैयार किए गए थे। जांच में इस बात की पुष्टि हुई थी कि, सोसायटी प्रबंधक ने धान का कही भी आनलाइन एंट्री नही किया था और सोसायटी से धान गायब मिला। यही नही स्टाक पंजी में भी धान का कोई उल्लेख नही होना पा गया था।

- **दोषियों को बचाने बाद में भर्ती का अंदेशा**

खाद्य नियंत्रक टीएल अतरी ने बताया कि, निकुम सोसायटी में 13 सौ क्विंटल धान का कही कोई हिसाब नही मिला था। उन्होने कहा वस्तु स्थिति की जांच कर रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी थी। जिसके बाद एफआईआर कराने के निर्देश दिए गए थे। नियमतः सोसायटी में प्रबंधको को सीसीटीवी कैमरा भी लगाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन सोसायटी में कैमरा भी नही था। जबकि सोसायटी में ट्रक के प्रवेश करने पर फोटो खिंचे जाते और गेट पास जारी किया जाता है। वही ट्रक के निकासी के बाद एक बार और फोटो खिंचे जाने का नियम था। वही गेट पास से इसकी पुष्टि होती थी कि, सोसायटी से कितना धान बाहर गया था। लेकिन जांच में गेट पास भी नही मिले थे। सूत्रों ने बताया कि, सोसायटी प्रबंधक, नोडल अधिकारी सहित कर्मचारियों को बचाने कलेक्टर के निर्देश को ताक में रखकर रिकार्ड में धान की भरपाई दिखाई गई होगी।

# यात्रियों को स्टेशन पर पानी अधिक रेट पर मिल रहा, वेंडरों पर भी कार्रवाई

## दुर्ग उधमपुर एक्सप्रेस और स्टेशन चेक करने पहुंचे वाणिज्य प्रबंधक, चार अनाधिकृत वेंडर पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

रेलवे प्रशासन द्वारा अधिकृत वेंडरों के माध्यम से ट्रेनों और स्टेशनों में गुणवत्ता युक्त खानपान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। स्टेशनों व ट्रेनों में यात्रियों को उपलब्ध कराई गई खानपान की गुणवत्ता को बरकरार रखने उसमें सुधार लाने प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। इसे लेकर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने ट्रेनों स्टेशनों में औचक अवैध वेंडर्स की जांच की। जांच अभियान में 4 अनाधिकृत वेंडर पकडे गए। तीन लगेज जुर्माना भी किया गया। प्लेटफार्म पर ट्राली चलते हुए पाए जाने पर 5 हजार का जुर्माना किया गया। जबकि उन्हें केवल जनरल



कोच के सामने ही सामान बेचने की अनुमति है। ट्रेन में बिना टिकट यात्रा करते पैसेंजर किन्नर मिले। अनाधिकृत रूप से दृष्टि बाधित व्यक्ति पान गुटखा मसाला तंबाकू सिगरेट बेचने वाले व्यक्ति भी पकड़े गए। 7- 8 स्टालों पर जाकर जनता खाना व बेबी फूड को लेकर जानकारी मांगी लेकिन वह स्टालों पर उपलब्ध नहीं था। ट्रेनों में उचित कूलिंग सिस्टम नहीं पाया गया। मॉनिटरिंग सस्टिम को दुरुस्त करने को कहा गया है। स्टेशन पर उपलब्ध ठंडा पानी महंगा बेचा जा रहा था, उसे पर भी कार्रवाई की गई है। वेटिंग हॉल, प्लेटफार्म यात्रियों के बैठने के स्थान पर तापमान मापी उपकरणों से तापमान की भी जांच की गई। यात्रियों को शीतलता प्रदान हो इसके लिए आवश्यक प्लानिंग की जाएगी। 22619 बिलासपुर तिरुनेल वेली, 12549 दुर्ग- उधमपुर ट्रेन में इंस्पेक्शन किया। एक ही ट्रेन में वेज, नॉनवेज खाना बेचने पर फूड प्लाजा पर 5 हजार की कार्रवाई हुई।

## खबर संक्षेप

### वाहन की चपेट में आई महिला, पैर कटा हुई मौत

**भिलाई।** सड़क पार कर रही महिला को भारी वाहन ने चपेट में लिया। घटना में महिला का पैर शरीर से अलग हो गया। जिसे गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात भारी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। घटना के बाद चालक फरार है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि तुमड़ीमोड राजनांदगांव निवासी भानुप्रिया साहू 31 वर्ष अपने मायके खुर्सीपार आई हुई थी। मंगलवार की दोपहर आईटीआई पावर हाउस के सामने से सड़क पार कर रही थी। तभी तेज रफ्तार वाले भारी वाहन के चालक ने महिला को चपेट में लिया। महिला अपने बच्चों को लेकर मायके आई हुई थी। घटना दोपहर 12.30 बजे की बताई जा रही है। भारी वाहन का चक्का महिला के पैरे से गुजरते ही एक पैर शरीर से अलग हो गया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। आनन फानन में डायल 112 को कॉल कर उसे सुपेला स्थित शास्त्री अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया था। इलाज के बाद भानुप्रिया की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर आसपास के लोगों ने सड़क को जाम करने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन पुलिस की समझाइश के बाद माहौल शांत हो गया है। पुलिस सीसी कैमरे को खंगालने में जुटी हुई है। भारी वाहन चालक की कोई जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है।

### बोरी में रखा था 20 पौवा शराब, आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री एवं तस्करी करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी से प्लास्टिक बोरी में रखे 20 पौवा देशी शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 22 अप्रैल को थाना डोंगरगांव पुलिस को प्राप्त मुखबीर से सूचना के आधार पर पुलिस टीम मुखबीर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। रेड कार्रवाई के दौरान आरोपी द्वारा अपराध धारा-34(1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत अपराध घटित करने से आरोपी आकाश ठाकुर 19 साल पता ग्राम सालिकझिटिया के पास एक हरे सफेद रंग के प्लास्कि बोरी में 20 नग देशी प्लेन शराब शोले कीमती 1600 रुपए व बिक्री रकम 800 रुपए कुल जुमला 2400 रुपए जब्त किया गया है एवं आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।

### जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 28 को

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 28 अप्रैल को दोपहर 2.30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी , जल संसाधन, वन, लोक निर्माण, खाद्य विभाग की विभागीय योजनाओं एवं प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वें वित्त आयोग की कार्ययोजना सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं।

## वन्य प्राणियों को ठंडकता के साथ डीहाइड्रेशन से बचाने के प्रबंध

# गर्मी से राहत देने टाइगर को मिनरल और विटामिन की दी जा रही मेडिसीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भीषण गर्मी मनुष्यों को ही नहीं बल्कि मूक वन्य प्राणियों को भी बेचैन कर रही है। मैत्रीबाग चिड़ियाघर में जानवरों और पक्षियों को तपिश और लू से बचाने के लिए इंतजामात बढ़ा दिए गए हैं। टाइगर सहित अन्य जानवरों के बाड़े में ठंडकता के बंदोबस्त के साथ उनकी सेहत पर खास ध्यान दिया जा रहा है। जानवरों की सतत देखभाल के साथ खानपान पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।इसी तरह तापमान बढ़ने पर टाइगरों को डीहाइड्रेशन से बचाव के लिए संतुलित खाना दिया जा रहा है। उन्हें मिनरल और विटामिन की मेडिसीन दी जा रही हैं,जो शरीर के टेंपरेचर को कम करने के साथ उन्हें तनावरहित भी करेगी। वहीं उनके मटन की खुराक थोड़ी कम कर दी गई है। मैत्रीबाग में 7 सफेद बाघ हैं।

उल्लेखनीय है कि शहर में पिछले चार, पांच दिनों से भारी गर्मी पड़ रही है। तैंतालीस डिग्री तापमान की झुलसन से अब लोग ही नहीं वरन वन्य प्राणी भी बेहाल हो रहे हैं। भीषण गर्मी का असर मैत्रीबाग चिड़ियाघर के जानवरों पर भी पड़ने लगा है। कानन पेंडारी अभयारण्य बिलासपुर में टाइगर की मौत के बाद मैत्रीबाग के जानवरों को बढ़ती गर्मी और लू के थपेड़ों से बचाने के लिए प्रबंध बढ़ा दिए गए हैं। जानवरों की सेहत न बिगड़े, इसके लिए उनके रहवास, देखरेख और खानपान पर ध्यान दिया जा रहा है। जानवरों और पक्षियों के एनक्लोजर में शीतलता के प्रबंध के साथ उन्हें डीहाईड्रेशन से बचाने के लिए संतुलित आहार और दवाइयां भी दी जा रही हैं। गर्मी बढ़ने से सेहत बिगड़ने का सबसे ज्यादा खतरा संवेदनशील माने जाने वाले वाइट टाइगर को होता है। आने वाले दिनों में पारा 45 और 46 डिग्री पहुंचने पर लू लगने का खतरा बना रहेगा। इसे देखते हुए जू प्रबंधन ने सफेद बाघ के बाड़े में ठंडकता के लिए चटाई लगाने के साथ पानी का फौव्वारा भी छोड़ा जा रहा है। जमीन पर रेत बिछाकर पानी भर दिया गया है। इससे एनक्लोजर का पूरा माहौल कूल कूल हो गया है। टाइगर के बाड़े के मोढ़ (पोखर) में भी पानी को ठंडा रखा जा रहा है, जिसमें वे नहाते और उछल कूद कर सकें। इससे उनकी बाडी का टेंपरेचर ठंडा रहने से गर्मी का असर नहीं

### डीहाइड्रेशन से बचाव के लिए दिया संतुलित खाना





### हिरणों के लिए नेचुरल फाउंडेशन

भारी गर्मी से बचाने के लिए मैत्रीबाग में हिरणों की देखभाल भी बढ़ा दी गई है। हिरणों के एनक्लोजर में शीतलता के लिए आर्टिफिशियल फाउंडेशन ( फौव्वारा ) दिनभर चालू रखा जा रहा है। इसकी नमी से पूरे बाड़े का वातावरण ठंडा रहता है। साथ ही एनक्लोजर के किनारे नहरनुमा पोखर में पानी का प्रवाह सतत रखा जा रहा है। नहर में हिरण और सांभर अधिक गर्मी महसूस करने पर नहाने के साथ लोटते भी रहते हैं। यहां जू में करीब डेढ़ सौ हिरण और चालीस सांभर हैं। इसके अलावा क्रोकोडायल और घड़ियाल के कैज के पानी को भी दो बार बदला जा रहा है,ताकि यह ठंडा रहे।

### टाइफाग्राफ से परिंदों का लू से होगा बचाव

आगे लू के थपेड़ों से पक्षियों को बचाने के लिए भी इंतजाम बढ़ा दिए गए हैं। बड़र्स काम्पलेक्स में टाइफाग्राफ की चटाई की लंबाई बढ़ाकर कैजों को ठंडा रखा जा रहा है। इससे परिंदों के पिंजरों ( कैज ) में गर्म हवा नहीं प्रवेश करेगी। इसके अलावा बड़र्स काम्पलेक्स के बीचोंबीच स्प्रिंगलर से दिन भी पानी की फुहारें छोड़ी जा रही हैं, इससे माहौल ठंडा है। लेपर्ड और जैकाल के कैज में भी चटाई लगाई गई है। जू में बड़र्स और मंकी को तरबूज और खरबूज आदि रसीले फल दिए जा रहे हैं, ताकि सेहत पर गर्मी का प्रतिकूल असर न पड़े। मैत्रीबाग के प्रभारी डां. एनके जैन बताते हैं कि गर्मी बढ़ने के साथ लू से बचाने के लिए मैत्रीबाग में शीतलता के लिए प्रबंध बढ़ा दिए गए हैं। वाइट टाइगर सहित सभी संवेदनशील वन्य प्राणियों की लगातार देखभाल की जा रही है।

## एमपी सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का भिलाई में स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय मंगलवार की दोपहर सड़क मार्ग से भिलाई पहुंचे। वे राजनांदगांव में संविधान निर्माता डॉ. भीमराम अंबेडकर की जयंती पर 10 दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। भिलाई में चंद्रा-मौर्या चौक पर विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने समर्थकों के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद वे कैलाश विजयवर्गीय को एक निजी होटल ले गए, जहां भिलाई की राजनीतिक गतिविधि की जानकारी दी। करीब आधे घंटे के बाद कैलाश विजयवर्गीय राजनांदगांव के लिए रवाना हो गए, जहां उन्होंने डॉ. अंबेडकर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। कैलाश विजयवर्गीय ने प्रेम प्रकाश पांडेय से कुछ समय अलग से भी बात की। इस दौरान महिला मोर्चा की अध्यक्ष स्वीटी कौशिक सहित वैशाली नगर, सुपेला, कोहका, कैम्प मंडल समेत जिले के पदाधिकारी मौजूद थे। अपने प्रवास के दौरान कैलाश विजयवर्गीय ने राहुल गांधी को लेकर कहा कि एक गांधी देश के गरीबों के लिए अपने कपड़े उतार कर जीते थे। बकरी का दूध पिया करते थे। यह गांधी तो थाईलैंड जाकर छुट्टी मनाते हैं। वो गांधी गाय की पूजा करते थे। यह गांधी तो बीफ खाता है। उन्होंने यह बातें पीसीसी चीफ दीपक बैज के गांधी की आंधी है वाले बयान पर जवाब में कही।

■ राजनांदगांव के लिए हुए रवाना

विजयवर्गीय ने कहा कि वक्फ बोर्ड की सच्चाई मुस्लिम लोग भी इस बात को समझ चुके हैं। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसक घटनाओं पर कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि ममता बनर्जी को हिंदुओं की तनिक भी चिंता नहीं है। ममता बनर्जी को बस चिंता है तो अपनी कुर्सी की।

## महिला के बैंक खाते से पांच करोड़ ट्रांसफर, आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** म्यूल खाते में करोड़ों रुपए के ट्रांजेक्शन के मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 317(2), 317(4), 318(4), 61(2),(ए) बीएनएस के जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि वैशाली नगर थाना क्षेत्र के केनरा बैंक ब्रांच मैनेजर



परमाल सिंह सिंगोदिया ने पुलिस में शिकायत की थी। उनकी शाखा में 111 खातो में साइबर फ्रॉड और अन्य ठगी की रकम का ट्रांजेक्शन हुआ है। जिसमें लगभग 22 लाख 5 हजार 173 रुपए को होल्ड किया गया है। पुलिस को जानकारी मिलने पर खाता धारकों के बारे में पतासाजी में पुलिस जुट गई। थाना वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी द्वारा टीम बनाई गई। उसके बाद म्युल खाता 120032845684 के धारक एचआईजी-1 2199 हाउसिंग बोर्ड नियर गुरूद्वारा जामुल निवासी उमा शर्मा से पूछताछ की गई। महिला का एवनी ब्रेसिंग ब्युटी पार्लर के नाम से शॉप है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि केनरा बैंक में 3 जनवरी 2025 को करंट अकांउट खुलवाया था। जिसमें अपनी गुमास्ता, अधारकार्ड, पेनकार्ड, उधम रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट दी थी। जहां मोबाईल नंबर में इंटरनेट बैंकिग चालू कराई थी। महिला के खाते में फरवरी माह में 5 करोड़ के आसपास रकम दिल्ली ट्रांसफर हुआ है। आरोपिया द्वारा सायबर फ्रॉड और अन्य फ्रॉड के आए पैसो को अपने नाम से जारी म्युल खाता में क्रेडिट कराकर ट्रांसफर करना पाया गया। उमा शर्मा के पेश करने पर केनरा बैंक का 2 न्यू क्यू आर कोर्ड, मोबाइल सिम, कैनरा बैंक से मिले इंटरनेट बैंकिंग का लेटर युजर आईडी, पासवर्ड जब्त किया।

## विवाहिता के फांसी मामले में पति के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

पति की प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता के फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने पति के खिलाफ धारा 108 के तहत मामला दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि प्लाट 3 पुरानी बस्ती कोहका कृष्णा ग्रैंड सिटी स्मृति नगर निवासी रौशनी मिश्रा 30 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। 12 जुलाई 2021 को रौशनी का विवाह समाजिक रीति रिवाज के साथ प्लाट न 3 पुरानी बस्ती कोहका कृष्णा ग्रैंड सिटी स्मृति नगर निवासी प्रशांत मिश्रा के साथ हुआ था। शादी के शुरुआती दौर पर दोनों का सब कुछ ठीक चल रहा था। कुछ दिनों बाद पति प्रशांत रौशनी मिश्रा को शराब के नशे में आकर विवाद कर मारपीट करने लगा। इससे उसके प्रताड़ना से तंग आकर रौशनी मिश्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस जांच में पाया गया कि रौशनी पति प्रशांत से लगातार प्रताड़ित हो रही थी। इस कारण रौशनी फांसी पर झूल गई।

■ सुपेला पुलिस ने जांच के बाद किया कार्रवाई

घटना वर्ष 2024 की रात की है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। उसके बाद पति के प्रताड़ना के तथ्य सामने आए। पुलिस ने उसी आधार पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि घटना के समय मकान में आरोपी पति प्रशांत की दादी राधा मिश्रा, जया मिश्रा 17 माह के साथ पत्नी घर पर थी।

### इसलिए हुआ था विवाद

पुलिस ने बताया कि घटना की रात रौशनी मिश्रा ने प्रशांत से पूछा था कि इतनी देर कैसे हुई। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ था। इसके बाद पत्नी बेटी जया को लेकर प्रथम तल पर अपने बेडरूम में चली गई। बेडरूम के पास पर प्रशांत आया तो दरवाजा भीतर से बंद मिला। बेटी जया के रोने की आवाज आ रही थी। तभी प्रशांत ने खिड़की के पास जाकर देखा तो रौशनी फांसी पर लटकी दिखी।

## नागरिक सुविधा सर्वोपरि, उनकी शिकायत सुनें और करें समाधान



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में नागरिक सेवा दिवस मनाया गया। निगम सभागार में आयुक्त राजीव पाण्डेय ने सभी अधिकारी और कर्मचारियों को नागरिक दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान आयुक्त ने कहा कि नागरिक सेवा करने का अवसर सभी को नहीं मिलता है। यदि यह अवसर हमें मिला है तो हमारा प्रयास होना चाहिए कि नागरिकों के साथ अच्छा व्यवहार करें। सर्वप्रथम उनकी जो समस्या है, उसको सुना जाए। इससे उनको भरोसा मिलता है, जो काम खुद के करने लायक हों, उसका निराकरण तुरंत कर देना चाहिए। अनावश्यक उसे दोबारा नहीं बुलाना चाहिए। अपने से नहीं हो सकता है तो उच्च अधिकारियों को भी सूचित करना चाहिए। शासन का निर्देश है कि हमें समय अवधि के अंदर सभी कार्यो का संपादन करना है। समय पर आफिस आएं, अपने दायित्वों का निर्वहन करें। सरकार इसी कार्य के लिए वेतन देती है, जिससे हमारा परिवार चलता है। आयुक्त ने सुशासन तिहार के अंतर्गत आए आवेदनों की समीक्षा की। सभी का समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य अभियंता भागीरथी वर्मा, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे, सतीश यादव, रवि सिन्हा, कुलदीप गुप्ता आदि मौजूद थे।

## नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर में हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई


भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत नवा रायपुर स्थित बाल्को मेडिकल सेंटर के सहयोग से संयंत्र के 'सियान सदन – रिटायरमेंट होम' परिसर में निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 72 व्यक्तियों की जांच की गई। रोगियों को आवश्यक दवाईयाँ भी वितरित की गईं। कैंसर के संभावित लक्षण पाए जाने वाले व्यक्तियों आगे की जांच हेतु बाल्को मेडिकल सेंटर, रायपुर जाने की सलाह दी गई। शिविर में वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ. प्रभाकर गुप्ता (बाल्को मेडिकल सेंटर), मेडिसिन विभाग, जेएलएन अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र से डॉ. त्रिनाथ दास, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर), सुशील कामड़े, उप प्रबंधक (सीएसआर), केके वर्मा, बुधेलाल, तथा सीएसआर एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभागों के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## साफ-सफाई व खाने पीने की सामग्री में लापरवाही

# ओयो सहित आधा दर्जन होटलों पर लगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ओयो होटल ब्लू स्काई, कृष सहित आधा दर्जन होटल में साफ-सफाई मानक के अनुसार नहीं मिली। इन सभी होटलों पर निगम ने जुर्माना ठोंका। कुल 22 हजार 200 रुपए का जुर्माना इन होटलों पर लगाया गया। चेतावनी दी गई की जो भी सामान का उपयोग करे, वह ताजा हो। पहले से कटी हुई बासी सब्जी कई दिनो का बना हुआ पेस्ट, आटा, टमाटर, धनीया, मिर्चा, शिमला मिर्च का उपयोग बंद करें। इससे खाने वाले के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। जो भी बासी सामान मिले उसे जप्ती बनाकर डिस्पोज करवाया गया।



उन्हे चेतावनी दी गई की दुबारा इस प्रकार की कमी पाई जाएगी तो नगर निगम अधिनियम 1956 की धाराओ के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। होटल के मैरेजर ने भी स्वीकार किया की खाना बनाने वाले बावर्ची से ही लापरवाही हुई है अब नहीं होगा। हम लोग मानक के अनुसार खादय सामग्री का उपयोग करेगें। इसी प्रकार सिंगलयूज प्लास्टिक उपयोग एवं गंदगी फैलाने वालो पर भी कार्यवाही की गई। फल ठेला, सिद्वार्थ जनरल स्टोर, कुंज बिहारी जनरल स्टोर, कनिष्का फैंसी स्टोर से 1200 रूपये का अर्थदण्ड वसूल कर रसीद प्रदान किया गया।

### ओयो का अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं

शिकायत मिल रही थी कि ओयो होटल के विभिन्न शाखाओं में साफ-सफाई एवं खादय सामग्री ठीक से उपयोग नहीं किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई की टीम आज मौके पर निरीक्षण करने गई, तो पता चला ओयो होटल नेचुरल प्वाइंट द्वारा अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं लिया गया था, दुसरे के नाम पर होटल संचालित किया जा रहा था। कार्यवाही करते हुए 15000 का अर्थदण्ड लगाया गया और उसे तत्काल नियमानुसार अनुज्ञप्ति लाईसेंस लेने के लिए निर्देशित किया गया।

## नेहरू नगर व्यापारी संघ ने शुरू किया सदस्यता अभियान

**भिलाई।** नेहरू नगर व्यापारी संघ साडा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स क्षेत्र नेहरू नगर पूर्व में व्यापारियों की समस्याओं का प्रत्यक्ष रूप से निरीक्षण एवं समाधान के लिए स्थल निरीक्षण किया। अध्यक्ष देविंदर सिंह भाटिया, कार्यकारिणी सदस्य योगेश बंसल, सदस्य सन्मुख रावजी, रवींद्र अग्रवाल, अधिवक्ता अरविंद ताम्रकार, डॉ. राजेश सांवले प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस दौरान खुले में मदिरा सेवन, असामाजिक तत्वों का जमावड़ा, अपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, लंबे समय से पेड़ों की छंटाई न होना, पार्किंग स्थल के पेवर ब्लॉक का मेंटेनेंस सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई।देविंदर भाटिया ने कहा कि नेहरू नगर क्षेत्र का यह शॉपिंग कांप्लेक्स 40 वर्ष पूर्व स्थापित हो गया था, लेकिन अब तक शासन ने इस व्यावसायिक क्षेत्र को विकास नहीं किया है। सन्मुख राव ने बताया कि इन सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को पत्राचार किया गया है।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ढाबा में आगजनी से पैरावट खाक

**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत ढाबा में आग लगने से पैरावट जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। इस घटना में अन्य हानि नहीं हुई है। खैरा, नवापारा नर्मदा में आगजनी के बाद अब ढाबा में पैरावट में आग लगने की घटना सामने आई है। उल्लेखनीय है कि ढाबा में कुछ दिनों में आगजनी की तीसरी घटना है। लगातार हो रही आगजनी की घटना से ग्रामीण चिंतित हैं। आग लगने की सूचना मिलते ही नगर पंचायत गंडई के कर्मचारी फायर ब्रिगेड लेकर मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। बताया गया कि आगजनी अनिल वर्मा के पैरावट में हुई। आग लगने के कारण का पता नहीं लगा है।

### मोटर पंप के केबल की चोरी

**गंडई पंडरिया।** नगर पंचायत गंडई कार्यालय परिसर में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर मोटर पंप का केबल चुरा लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर पंचायत के कर्मचारियों ने पुलिस को शिकायत में बताया कि रविवार को छुट्टी थी। इसी दौरान रात को अज्ञात चोरों ने मोटर विभाग कार्यालय का ताला तोड़ा और लगभग 107 मीटर लंबा केबल वायर काट कर ले गए। तार की अनुमानित कीमत 24 हजार है।

### बेहतर रहा परीक्षा परिणाम

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार में कक्षा 9 वीं एवं 11वीं की परीक्षा के परिणाम गत दिनों जारी किया गया। कक्षा 9वीं का परिणाम 68.18 तथा 11वीं का परिणाम 76.7 प्रतिशत रहा। कक्षा 9वीं की परीक्षा में शामिल 88 छात्रों में से उत्तीण 60, अनुत्तीर्ण 15 विद्यार्थी रहे।कक्षा में आकांक्षा साहू प्रथम, खुशबू साहू द्वितीय, रेशमी साहू तृतीय रही। कक्षा ग्यारहवीं के 116 छात्रों में से उत्तीर्ण 89, अनुत्तीर्ण 4 विद्यार्थी रहे। कक्षा में जीनल कौशिक विज्ञान संकाय प्रथम, फनीश कुमार कला संकाय द्वितीय, दिव्या यादव विज्ञान संकाय तृतीय स्थान पर रही। परिणाम घोषणा के दौरान सरपंच तारण रजक, इंदु भुआर्य, शुभम देशमुख, अंग्रेज चक्रधारी, डीएस कौमार्य, आर साहू, तरुण साहू, एचके सोनकर, डीके जंघेल, टीएन साहू, कल्याणसिंह, एसके साहू, आरआर साहू, एके खोब्रागड़े आदि मौजूद थे।

### उपाध्यक्ष ने किया आवास सर्वे

**अर्जुनी।** ग्राम पंचायत बनभेडी में जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू ने सगनीबाई चंद्रवंशी का प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 में सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण के दौरान सरपंच, उपसरपंच, पंच, विकासखंड समन्वयक, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। सर्वे के द्वितीय चरण अंतर्गत जन जागरूकता हेतु पंचायत सचिव उमेश देवांगन ने उचित मूल्य की दुकान में ग्रामवासियों को आवास प्लस सर्वेक्षण के संबंध में जानकारी दी।

# सिंघौरी बेमेतरा में प्याऊ घर की स्थापना से राहगीरों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

गर्मी के मौसम में राहगीरों और आम जनता को शुद्ध शीतल जल की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से युवा समाजसेवी संस्था ने सिंघौरी वार्ड में प्याऊ घर की स्थापना की है। संस्था के युवा सदस्यों ने मिलकर शीतला मंदिर के पास कुटिया बनाकर मटके रखे, जिससे आसपास के लोगों को राहत मिल सके।

इसके साथ ही, सिंघौरी के अन्य स्थान पुराना नाका के समीप भी पांच मटके रखकर प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। इस नेक कार्य में अशोक साहू का विशेष योगदान रहा। प्याऊ घर का उद्घाटन ग्राम के बड़े बुजुर्गों, वार्ड पार्षद प्रकाश ठाकुर, सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष दोहाईलाल वर्मा और अन्य स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रकाश




ठाकुर ने युवा समाजसेवी संस्था की सराहना की और उन्हें हमेशा नेक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष दोहाईलाल वर्मा ने संस्था के द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बड़े बुजुर्गों ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक घासीराम साहू, रतन नेताम, फगुआ साहू, फागू देवांगन, छोटू साहू, तंगू साहू, वार्ड पार्षद प्रकाश ठाकुर, दोहाईलाल वर्मा (सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष बेमेतरा), नारायण वर्मा, छोटे नेताम, चुनी वर्मा, प्रेम साहू, सांतु वर्मा, शेखर वर्मा, स्वरूप वर्मा, मनहरण वर्मा, और युवा समाजसेवी संस्था के सदस्य पिंटू साहू, सूरज साहू, सौरभ वर्मा, प्रीतम वर्मा, पुरुषोत्तम साहू, हेमलाल वर्मा, जित्तू मानिकपुरी, रितेश वर्मा, जितेन्द्र वर्मा और पोषण वर्मा उपस्थित रहे।

आतंक

आमजनों ने की तीखी प्रतिक्रिया

# पहलगाम हिंसा ने देश को दिया झकझोरा, जिलेभर में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुई हिंसक घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना को लेकर पूरे छत्तीसगढ़ में रोष और चिंता की लहर है। बेमेतरा, नवागढ़ और आसपास के क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं व व्यापारी संगठनों ने इस कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए केंद्र सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### एकता और अखंडता पर सीधा प्रहार : छाबड़ा



कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने इसे देश की एकता और अखंडता पर सीधा प्रहार बताते हुए कहा कि यह घटना केंद्र सरकार की नाकाम सुरक्षा नीति को उजागर करती है। अगर खुफिया तंत्र सतर्क होता, तो यह त्रासदी टल सकती थी।

### हिंसा नहीं, बल्कि मानवता पर हमला है : सिन्हा



नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि ऐसी घटनाएं समाज को बांटने और भय फैलाने की साजिश हैं। यह केवल एक हिंसा नहीं, बल्कि मानवता पर हमला है। निर्दोष नागरिकों की हत्या किसी भी हाल में माफ नहीं की जा सकती।

### भारत पलटवार करना जानता है : दीपेश



बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने केंद्र सरकार की आतंकवाद विरोधी नीति का समर्थन करते हुए कहा कि भारत अब पलटवार करना जानता है। यह निंदनीय कृत्य हमारी सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देने की कोशिश है। उन्होंने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई और इसे पूरे देश के लिए चेतावनी करार दिया।

### आतंकियों की कायरता हरकत


भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान ने इसे आतंकियों की कायरता बताया और कहा, हम शहीदों को नहीं भूलेंगे। यह हमला हमारे धैर्य और दृढ़ता की परीक्षा है। यह समय राजनीति का नहीं, बल्कि एकजुटता का है। सरकार को कठोर कदम उठाने चाहिए ताकि जनता का विश्वास बना रहे।

### दोषियों को कड़ी सजा देनी चाहिए



चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष केशव मोटवानी ने कहा, इस प्रकार की घटनाएं न केवल सामाजिक सौहार्द को चोट पहुंचाती हैं, बल्कि व्यापार और पर्यटन को भी प्रभावित करती हैं। घटना में सुरक्षा व्यवस्था की विफलता की ओर इशारा करते हुए कहा, केंद्र सरकार को इसकी निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को कड़ी सजा देनी चाहिए।

### एकता और शांति को चुनौती : भाग्यश्री



समाजसेविका भाग्यश्री पोल के कहा कि यह घटना हमारी सामाजिक एकता और शांति को चुनौती देती है। हमें मिलकर इन कृत्यों की निंदा करनी चाहिए और शांति बनाए रखने के लिए एकजुट होना चाहिए।क्योंकि यह पूरे देश की अस्मिता से जुड़ा मामला है। हम सभी को एकजुट होकर इसका मुकाबला करना होगा।

### जो आज मारे गए,वो शहीद हैं, पर जो चुप रहे वो अपराधी हैं : डॉ. सौरभ निर्वाणी



डॉ. सौरभ निर्वाणी ने कहा कश्मीर की घाटी एक बार फिर लहूलुहान है। लेकिन इस बार, ज़ख़्म शरीर से ज़्यादा आत्मा पर है। धर्म पूछकर की गई हत्या — क्या यह 21वीं सदी का भारत है? आज कश्मीर की भूमि फिर से कराह उठा। पहलगाम में आतंकियों ने शांतिपूर्वक यात्रा कर रहे पर्यटकों को रोका, उन्हें गोलियों से भून डाला, यह कोई सामान्य आतंकी हमला नहीं था, यह सुनियोजित धार्मिक नरसंहार था और यह सब उस कश्मीर में हुआ, जिसे सनातन परंपरा में शारदा पीठ की भूमि कहा जाता है।

### सरकार को अब देश विरोधी तत्वों को सरे राह शूट करना चाहिए : बसुबंधु



बसुबंधु दीवान ने कहा पहलगाम में निरपराधों और निर्दोष लोगों की हत्या दरअसल भारतीय आत्मा की हत्या है। बस अब बहुत हो चुका! सरकार को अब देश विरोधी तत्वों को सरे राह सूट करना चाहिए! जैसे की इजराइल। भारत में चंद लोग इस देश का विकास ना चाह कर इसके विनाश के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो सर्वविदित है! ऐसे तत्व आज ज़िंदा क्यों हैं? इस्लामी आतंकवाद से जुड़े हर व्यक्ति को जो संकीर्ण मानसिकता वश देश के विरुद्ध सक्रिय हैं, तत्काल उन्हें जेल में निषिद्ध किया जाना चाहिए! चूंकि यही वे लोग हैं जो अपनी फूहड़ जुबान से खुलेआम आतंकियों को संरक्षित भी कर रहे हैं और अबोध नौजवानों को आतंकवाद की ओर प्रेरित भी कर रहे हैं!

# कबीर संत समागम समेत कई कार्यक्रमों में शामिल हुए योगेश तिवारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

क्षेत्र के ग्राम बसनी में दो दिवसीय सदगुरु कबीर संत समागम समारोह एवं कबीर कुटी आश्रम निशान पूजा और लोकार्पण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी शामिल हुए। उन्होंने सुलछना देवी माता के कथा प्रवचन में भाग लेकर क्षेत्र की जनता के लिए आशीर्वाद मांगा। माताजी के प्रवचनों में संत कबीर के जीवन, विचारधारा और समाज में समरसता के संदेशों को अत्यंत सरल एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर योगेश तिवारी ने कहा "संत कबीरजी का जीवन समाज में प्रेम, समानता और सत्य का मार्ग दिखाता है। उनके सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उस युग में थे। ऐसे आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत होती है। इस दौरान विधायक दीपेश साहू, रजककार बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, ग्राम सरपंच प्रीति जितेन्द्र यदु, मंडल अध्यक्ष गजानंद साहू, रवि भाई, दीपक साहू, पूर्व सरपंच पुनाराम पाठक, कोषाध्यक्ष संतराम साहू, अध्यक्ष वेदराम साहू, सचिव संजू साहू, देवेंद्र साहू, प्रहलाद निषाद, अर्जुन निषाद, मनोज यदु, महेंद्र यदु, तुलसी साहू, भारत साहू, अश्वनी साहू एवं जितेंद्र यदु प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

- देवी मां से मांगा जनता के लिए आशीर्वाद

# जम्मू-कश्मीर हिंसा में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुई हिंसा में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए बुधवार को नवागढ़ नगर के महाराणा प्रताप चौक में एकत्रित होकर बजरंग दल और ठाकुर समाज के लोगों ने संयुक्त रूप से कैंडल जलाकर शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

ठाकुर समाज के अध्यक्ष मिंटू बिसेन ने हिंसा की कड़ी निंदा करते हुए एकजुटता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं से समाज में डर और विभाजन फैलता है। हम सभी को मिलकर ऐसी घटनाओं के खिलाफ खड़ा होना चाहिए।

बजरंग दल के रूपेश यादव ने कहा कि हमारे समाज में सभी धर्मों और जातियों के लोग एक साथ रहते हैं। हम ऐसी हिंसक घटनाओं के खिलाफ आवाज उठाएंगे। हमारा उद्देश्य शांति और सद्भाव को बढ़ावा देना है और हम सब मिलकर इस लक्ष्य को हासिल करेंगे। कैंडल मार्च में रिंकू चौहान, प्रदीप यादव, पुरन सारथी, रामनाथ सिंहा, विजय साहू, लब्बू खुराना, राजा जायसवाल सहित कई अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

# अध्यक्ष ने विकास कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने यहां पहुंचकर मां बम्लेश्वरी की विधि विधान से पूजा अर्चना किया। इस मौके पर उन्होंने पर्यटन विभाग के माध्यम से चल रहे 48 करोड़ के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार डोंगरगढ़ पहुंचे श्री शर्मा का भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया।



ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, ट्रस्टी प्रकाश बिंदल ने स्वागत कर माता की चुनरी भेंट की। प्रसाद योजना के तहत उपर मंदिर में चल रहे 6 करोड़ के निर्माण कार्य को लेकर उन्होंने पर्यटन विभाग के अधिकारी एवं ठेकेदार को आडे. हाथ लेते हुए धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए स्टीमेट के अधार पर निर्माण कराने की बात कही। उन्होंने स्थानीय रेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं से भेंट कर विकास कार्यो पर चर्चा किया। भाजपा नेता हरविंदर सिंग मंगे के होटल राज इन में उपस्थिति दर्ज कराया। श्री शर्मा ने चंद्रगिरि तीर्थ पहुंचकर आचार्य विद्यासागर जी महाराज की समाधि को नमन किया। चंद्रगिरि में चल रहे निर्माण कार्यों को देखा।

उन्होंने 40 करोड़ के निर्माणाधीन श्रीयंत्रम को भी देखा। पर्यटन विभाग के प्रबंधक विवेक आचार्य, महाप्रबंधक वेदव्रत सिरमौर, उप महाप्रबंधक संदीप ठाकुर, श्रीनिवास एवं ठेकेदार आरके झा की उपस्थिति में धीमी गति से चल रहे कार्यो को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन श्रीयंत्र, आडिटोरियम, मिनी थियेटर, रसोई हाल एवं साधना केन्द्र का निरीक्षण किया। श्रीयंत्र के आसपास खाली जमीनों में वृक्षारोपण करने के अलावा सैलानियों के रूकने की व्यवस्था करने पर चर्चा की। श्री शर्मा ने प्रवास के दौरान प्रसाद योजना अंतर्गत प्रज्ञागिरि स्थल पर बनने वाले उपासना केन्द्र का निरीक्षण किया। प्रज्ञागिरि में ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष विनोद खांडेकर की उपस्थिति में बौद्ध समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा उपासक-उपासिकाओं ने स्वागत किया।

### अपनी जमीन के लिए दो साल से भटक रहा बुजुर्ग

**डोंगरगढ़।** वार्ड 13 के जमीन मालिक द्वारा पालिका में लगातार टैक्स अदा करने के बाद भी वार्ड के व्यक्ति द्वारा उसकी जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण किया जा रहा है। इस आशय की शिकायत करने के बाद उसकी जमीन को कब्जा मुक्त नहीं कराया जा रहा है। लगातर शिकायत करने के बाद भी बुजुर्ग व्यक्ति न्याय के लिए भटक रहा है। पालिका के चक्कर काट रहे सनेरूद्दीन पिता तजरूद्दीन उम्र 74 साल ने बताया कि वह दो साल से कलेक्टर के अलावा नगर पालिका को लगातार आवेदन दे रहे है किन्तु उनकी बात न अधिकारी सुन रहे हैं और न जनप्रतिनिधि। बताया जाता है कि पालिका के अधिकारी बुजुर्ग की जमीन से कब्जा हटवाने के बजाए कब्जा करने वाले से उपरी वसूली कर बुजुर्ग की अनदेखी कर रहे है।

शिक्षा को रोचक और बालमैत्री बनाने की अनूठी पहल

# साल्हेपुर स्कूल के बच्चों ने बनाया जादुई पिटारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विजन और नई शिक्षा नीति की मूल भावना को जमीन पर उतारते हुए विकासखंड बेरला के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर में बच्चों ने मिलकर एक अभिनव शिक्षण सामग्री 'जादुई पिटारा' तैयार किया है। यह पिटारा नन्हे बच्चों की सीखने की क्षमता को खेल-खेल में निखारने वाला एक अनूठा माध्यम बन गया है। इस जादुई पिटारे में खिलौने, कठपुतलियां, रंगीन पोस्टर, फ्लैश कार्ड, रोचक कहानियां, कविताएं और पहेलियों के साथ-साथ खेल आधारित शिक्षण सामग्री शामिल है। इसका उपयोग बच्चों को मातृभाषा में सहज और प्रभावी रूप से ज्ञान प्रदान करने हेतु किया जा रहा है।

प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पिटारा बच्चों में प्रारंभिक भाषा ज्ञान, संख्या ज्ञान और लेखन कौशल को विकसित करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। इसमें प्रयुक्त सामग्री बाल मनोविज्ञान के अनुरूप तैयार की गई है, जिससे बच्चों का ध्यान केंद्रित होता है और वे सीखने के प्रति उत्साहित रहते हैं। विद्यालय में जादुई पिटारे का प्रदर्शन कर बच्चों को सीखने की प्रक्रिया को सहज, रोचक और इंटरैक्टिव बनाया गया है। इसका उद्देश्य बच्चों में शिक्षा कौशल का विकास कर उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। ग्रामीण अंचल में इस प्रकार की पहल न केवल बच्चों को बेहतर शिक्षा दे रही है, बल्कि शिक्षकों के नवाचार और समर्पण को भी दर्शाती है। 'जादुई पिटारा' अब साल्हेपुर शाला की पहचान बन गया है।

